वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) : (क) गुजरात में सहकारी सूती क्षेत्र मिलों के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं –

(1) अहमदाबाद — शून्य
(2) सूरत — एक
(3) बड़ौदा — शून्य

(ख) जी हां। सहकारी और अन्य मिलों से।

(ग) जी नहीं।

(घ) उपरोक्त (ग) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

देश में और अधिक सूती मिलों की स्थापना

340. श्री राम सिंह राठवा : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

(क) देश में इस समय सहकारी क्षेत्र में सूती मिलों की राज्यवार संख्या क्या है;

(ख) क्या इन मिलों में हथकरघा और विद्युत चालित करघा उद्योगों की मांग को पूरा करने की क्षमता है;

(ग) क्या सरकार गुजरात में नई मिलों की स्थापना का कोई विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान कितनी मिलों के स्थापित किए जाने की संभावना है?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) : (क) 120 राज्य वार ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं। **(नीचे देखिए)**

(ख) जी हां।

(ग) जी नहीं।

(घ) उपरोक्त "ग" को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

सहकारी क्षेत्र के अन्तर्गत मिलों की राज्य वार स्थिति

राज्य का नाम	कताई मिलों की संख्या
आन्ध्र प्रदेश . .	9
असम . .	1
बिहार . . .	3
गुजरात . .	5
हरियाणा . .	1
कर्नाटक . .	8
केरल . . .	4
मध्य प्रदेश . .	3
महाराष्ट्र . .	35
उड़ीसा . .	10
पांडिचेरी . .	1
पंजाब . .	6
राजस्थान . .	3
तमिलनाडु . .	19
उत्तर प्रदेश . .	11
पश्चिम बंगाल . .	1
कुल :	120

गुजरात में टूरिस्ट काम्पलेक्स का निर्माण

341. श्री राम सिंह राठवा : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान गुजरात में केन्द्र सरकार की वित्तीय सहायता से निर्मित किए गए टूरिस्ट काम्पलेक्स, होटलों और टूरिस्ट होस्टलों की जिलावार संख्या कितनी है ;